हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 2 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

8 1857 की क्रांति पर आधारित नाटक से देशभक्ति...



8 सेमिनार में छात्राओं को तनाव से मुक्त होने के .....



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार तीन घायल

जींद। रतन कालोनी के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार तीन लोग घायल हो गए। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रतन कालोनी निवासी अंजू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसके पति सुरेंद्र, बेटे शुभम के साथ स्कूटी पर सवार होकर गांव जलालपुरा खुर्द की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रही तेजरफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें 3 घायल हो गए।

### अपहृत लड़की गुरुग्राम से बरामद, आरोपी काबू

जींद। सदर थाना सफीदों इलाके से लगभग अढाई माह पहले अपहृत की गई नाबालिग लड़की को पुलिस ने गुरूग्राम से बरामद कर आरोपित को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपहरण, यौन शोषण करने चार व छह पाक्सो एक्ट समेत अन्य धारा जोड़ कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया। सदर थाना सफीदो इलाके एक व्यक्ति ने गत 10 जनवरी को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि साढ़े 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### छात्रा का पीछा करने पर अश्लील हरकत का केस

जींद। छात्रा का पीछा करने तथा अश्लील इशारे करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अशील हरकत करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सैक्टर छह निवासी एक छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कालेज में पढ़ती है। गत 20 फरवरी को युवक अमित ने गोहाना रोड पर उसका पीछा किया और अशील इशारे किए। जिसके बाद से आरोपित लगातार पीछा कर रहा है।

### कहासुनी के चलते किया चाकुओं से हमला

जींद। विश्वकर्मा चौक नरवाना पर बाइक सवार युवकों ने कहासुनी के चलते स्कूटी सवार दो युवकों पर चाकुओं से हमला कर दिया। जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। एक युवक की गंभीर हालात देख मेडिकल कालेज खानपुर रेफर किया गया है। शहर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामनगर निवासी प्रवीण (30) साथी गांव बेलरखां निवासी सागर (24) के साथ स्कूटी पर सवार होकर शहर की तरफ जा रहे थे।

### ताला तोड़ कर नकदी व सामान चुराया, केस दर्ज

जींद। शर्मा नगर में निजी कार्यालय का ताला तोड़ कर नगदी, कीमती सामान, दस्तावेज, फर्नीचर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ चोरी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सफीदों निवासी सुनील तथा जय किशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने शर्मा नगर में अपना निजी कार्यालय खोला हुआ है। अनिल उनसे रंजिश रखे हुए है।

### मां व बेटे पर किया हमला, दस नामजद

जींद। गांव हाट में प्लास्टिक पेयजल पाइप को आग लगाने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने मां व बेटी पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर दस लोगों के खिलाफ मारपीट करने, एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

गांव हाट निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पड़ोसी बुल्ली पेयजल स्पलाई की प्लास्टिक पाइप को आग लगा रहा था।

---

# वाह रे वाह व्यवस्थाः गांव कैलरम के सरकारी स्कूल में बेंच नहीं, बच्चों को जमीन पर बैठ देनी पड़ रही परीक्षा

## मामला प्रकाश में आया तो गांव के अन्य निजी स्कूलों से बेंच मंगवाकर व्यवस्था संभालने की कोशिश की

**बोर्ड की कार्यप्रणाली पर उठे रहे सवाल**
**स्कूल की व्यवस्था जांच कर ही देना था सेंटर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा सरकार भले ही सरकारी स्कूलों को हाईटेक बनाने के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। गांव कैलरम स्थित शहीद सिपाही रामचंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के दौरान अव्यवस्थाओं ने शिक्षा विभाग की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए गए इस सरकारी स्कूल में छात्रों के बैठने के लिए पर्याप्त बेंच तक उपलब्ध नहीं थीं। हालात ऐसे बने कि परीक्षार्थियों को जमीन पर बैठकर परीक्षा देनी पड़ी। मामला सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया। इसके बाद गांव के अन्य निजी स्कूलों से बेंच मंगवाकर व्यवस्था संभालने की कोशिश की गई। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि बेंच से भरी ट्रॉली स्कूल परिसर में प्रवेश कर रही है। बताया जा रहा है कि ये बेंच आसपास के निजी स्कूलों से अस्थायी तौर पर मंगवाई गईं, ताकि छात्र ठीक से अपनी बोर्ड परीक्षा दे सकें। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार स्कूलों को आधुनिक बनाने और डिजिटल सुविधाएं देने के बड़े-बड़े दावे करती है, तो फिर बुनियादी जरूरत- जैसे बैठने के लिए बेंच- क्यों उपलब्ध नहीं करवाई गईं? यह सिर्फ एक सेंटर का मामला नहीं है, बल्कि अन्य गांवों के सरकारी स्कूलों की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही बताई जा रही है। सरकारी स्कूल के बोर्ड परीक्षा केंद्र को बेंच के लिए प्राइवेट स्कूलों का सहारा लेना पड़े, यह शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।



कैथल। राजकीय स्कूल कैलरम में परीक्षा को लेकर बेंच लाते स्टाफ।

**विभाग को डिमांड भेज रखी है**

प्राचार्य रमेश कुमार ने बताया कि हमने पहले से ही शिक्षा विभाग को बेंच की डिमांड भेजी हुई है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही हमारे स्कूल को बेंच मिल जाएंगे। बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए हमने गांव के ही अन्य निजी स्कूलों से संपर्क करके बेंच की कमी को पूरा कर लिया है।

---

## स्वास्थ्य विभाग ने अन्य की ड्यूटी लगाकर चलाया काम

# ड्यूटी से मना करने वाली स्टाफ नर्स पर कार्रवाई तय

### शिविर में मुख्यातिथि पहुंचे थे डॉ. कृष्ण मिड्ढा

**रक्तदान शिविर में नहीं पहुंची स्टाफ नर्स**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नागरिक अस्पताल को मुफ्त में रक्त उपलब्ध करवाने वाली सामाजिक संस्थाएं अब सोचने को मजबूर हैं कि वो रक्तदान शिविर लगाएं या नही। क्योंकि रविवार को हैल्प ए मिशन संस्था द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया और इसमें मुख्यअतिथि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रहे। रविवार को लगे रक्तदान शिविर में जिन छह स्टाफ नर्स की ड्यूटी लगाई थी, उनके डयूटी न करने पर स्वास्थ्य विभाग को आनन-फानन में अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगा कर काम चलाना पड़ा। अब सोमवार को इन स्टाफ नर्स पर विभागीय कार्रवाई की तलवार लटक गई है। गौरतलब है कि रविवार को हेल्प ए मिशन की तरफ से एक होटल में रक्तदान शिविर लगाया गया था। रक्तदान शिविर में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढ़ा मुख्यातिथि रहे। शिविर में 262 लोगों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर के लिए पहले ही संस्था ने अनुमति ले ली थी। स्वास्थ्य विभाग ने इस रक्तदान शिविर के लिए शनिवार को छह स्टाफ नर्स की ड्यूटी लगाई थी। स्टाफ नर्स ने रक्तदान शिविर में काम करने से मना कर दिया और कहा कि उनके रक्तदान शिविर में जाने से मरीजों को परेशानी होती है। शनिवार को जब प्रधान चिकित्सा अधिकारी स्टाफ नर्स को समझाने लगे तो काफी तनातनी का माहौल बन गया था। रविवार को जब स्टाफ नर्स रक्तदान शिविर में नही आने के चलते अधिकारियों ने अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगा कर काम चलाया। इसके लिए एसएनसीयू से दो, एनएचएम से दो तथा दो अन्य नर्सों की ड्यूटी लगाई गई और रक्तदान शिविर को संपन्न करवाया गया।


जींद। रक्तदान शिविर में डयूटी करते दूसरी स्टाफ नर्स। फोटो :हरिभूमि

**विभागीय कार्रवाई की पहले ही चेतावनी**

प्रधान चिकित्सा अधिकारी ने जब स्टाफ नर्स के साथ बैठक की तो स्टाफ नर्स ने रक्तदान शिविर में ड्यूटी पर जाने से मना कर दिया था। इस पर प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर पूनिया ने कहा था कि यदि वह ड्यूटी नहीं करेंगी तो उनको चार्जशीट करने के लिए सिविल सर्जन को लिखा जाएगा। इसके बाद भी स्टाफ नर्स ने ड्यूटी नहीं की। अब सोमवार को इन स्टाफ नर्स पर विभागीय कार्रवाई होना तय है।

**सिविल सर्जन को लिखा पत्र**

पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि स्टाफ नर्स ने रक्तदान शिविर में ड्यूटी नहीं की। अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाकर रक्तदान शिविर संपन्न करवाया गया है। सिविल सर्जन को पूरे मामले की जानकारी दे दी थी। इन स्टाफ नर्स को चार्जशीट करने की अनुशंसा करने का पत्र सिविल सर्जन को लिखा गया है। सोमवार को सीएमओ इस मामले को देखेंगी।

---

# दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक की जान गई, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

**डाहौला तथा नगूरां रोड पर हुआ हादसा, जांच जारी**

डाहौला तथा नगूरां रोड पर बाइक तथा बुलेट बाइक के बीच हुई भिड़ंत में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव शाहपुर निवासी चांद राम (40) गांव डाहौला में राजमिस्त्री का कार्य करता था। देर शाम को वह गांव के ही दलबीर, विक्रम, शुभम को अपनी बाइक पर लेकर अपने गांव लौट रहा था। गांव डाहौला तथा नगूरां के बीच सामने से आ रहे तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें चांद राम व उसके तीनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर बुलेट चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तीनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने चांद राम को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भाई राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसका भाई चांदराम राज मिस्त्री का काम करता था। उसके तीनों घायल साथी उसके साथ मजदूरी करते थे। काम से वापस लौटते समेत रास्ते में हादसा हो गया। जिसमें उसके भाई की चांद राम की मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार बुलेट चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी वीरेंद्र ने बताया कि मृतक के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।




**खेल प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह**

राजौंद। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के आदेशानुसार तथा मेरा युवा भारत के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के अनेक खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।दो दिवसीय इस खेल आयोजन में टीम इवेंट के अंतर्गत पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल तथा महिला वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं व्यक्तिगत स्पर्धाओं में पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए 400 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद प्रतियोगिता संपन्न करवाई गई। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिससे आयोजन का स्तर और भी प्रभावशाली रहा। कार्यक्रम के दौरान मेरा युवा भारत की समस्त टीम भी मौके पर उपस्थित रही और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करना है।

### पंचायत में एक स्वर में एचपीवी वैक्सीन का विरोध

अलेवा। गांव नगूरां के भूट्टेश्वर मंदिर में एचपीवी वैक्सीन के विरोध में खांडा तपा की एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में सबकी सहमति इस बात पर हुई कि एचपीवी वैक्सीन का विरोध किया जाएगा। कोरोना की वैक्सीन के बाद हुए दुष्परिणाओं को देखते हुए लोगों ने एकमत से इसका बहिष्कार किया। पंचायत की अध्यक्षता चांदपुर के पूर्व सरपंच रामकुमार नरवाल ने की। इस दौरान खांडा तपा के दस गांवों के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान लगभग दो घंटे चली पंचायत को रविंद्र हसनपुर गजे सिंह नगूरां, धर्मपाल नगूरां, राजेश नगूरां, रामनिवास शर्मा, सुशील नरवाल चांदपुर ने अपने विचार रखे।

---

# टीटोखेड़ी से संदिग्ध हालात में लापता युवती का शव बुटाना ब्रांच से बरामद

### युवती की चप्पल, फोन व बुटाना ब्रांच नहर पटरी पर मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव टीटोखेड़ी से बीती रात संदिग्ध हालात में गायब हुई युवती का शव बुटाना ब्रांच नहर से बरामद हुआ है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सफीदों के शव गृह में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव टीटोखेड़ी निवासी महक (19) बीती देर रात अपने घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नही लगा। सूचना मिलने पर रात को पुलिस भी मौके पर पहुंची। युवती की चप्पल, मोबाइल फोन तथा झाड़ू बुटाना ब्रांच नहर पटरी पाए गए। परिजन नहर पर नजर रखे हुए थे। रविवार शाम को महक का शव घटना से कुछ दूरी बुटाना ब्रांच नहर से बरामद हो गया। परिजनों का कहना था कि शनिवार शाम को महक ने कालेज से लौट कर बताया था कि वह बीएससी प्रथम वर्ष में पास हो गई। अच्छी तरह खाना खाया। फिर वह सोने चली गई। आखिर महक ने यह कदम क्यों उठाया, यह परिजनों की समझ से परे रहा। फिलहाल सदर थाना सफीदो पुलिस मामले की जांच कर रही है।





---

# बाबा लदाना में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

## पत्नी सहित चार के खिलाफ केस दर्ज, आस्ट्रेलिया गई पत्नी ने फोन उठाना किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव बाबा लदाना के एक युवक ने घर पर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक की 2 साल पहले शादी हुई थी। उसकी पत्नी ऑस्ट्रेलिया में रहती है। युवक भी ऑस्ट्रेलिया जाना चाहता था, लेकिन उसका वीजा नहीं लगा, जिसके चलते वह परेशान चल रहा था। गांव बाबा लदाना के बलविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई मनीष (30) की शादी करीब 2 साल पहले जींद के पीपलथा गांव निवासी तमन्ना से हुई थी। उस दौरान मनीष के ससुरालियों ने शर्त रखी थी कि शादी के बाद तमन्ना और मनीष को ऑस्ट्रेलिया भेज देने। शादी के बाद उन्होंने मनीष और तमन्ना का ऑस्ट्रेलिया का वीजा लगवा दिया। बलविंदर ने बताया कि तमन्ना का वीजा तो लग गया, लेकिन मनीष का वीजा अप्रूव नहीं हुआ। शादी के 2 महीने बाद तमन्ना ऑस्ट्रेलिया चली गई, जबकि मनीष घर ही रह गया। वीजा लगवाने के लिए मनीष ने एजेंट को बार-बार कहा। उसे करीब 60 से 70 लाख रुपए भी दिए, लेकिन वह हर बार कुछ न कुछ बहाना बनाता रहा। भाई ने आरोप लगाया कि ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद कुछ दिन तक तो तमन्ना ने मनीष के साथ ठीक-ठाक बातचीत की, लेकिन बाद में उसके पास फोन करना बंद कर दिया। हाल में उसने मनीष को कहा कि वह शादी के लिए कोई और लड़की देख ले। वह ऑस्ट्रेलिया में अकेले ही रह लेगी। संगतपुरा पुलिस चौकी के जांच अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतक की पत्नी तमन्ना, ससुर दयाचंद, साले आकाश, एजेंट हवा सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**ससुरालवालों ने भी कहा- शादी कर लें**

बलविंदर ने कहा कि तमन्ना की इस बात के बाद से मनीष मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। जब उसने तमन्ना के परिवार से इस बारे में बातचीत की तो उन्होंने भी उसे धमकाया और कहा कि वह कहीं और शादी कर ले। इससे तंग आकर आज मनीष ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

---

## सड़क, सामुदायिक केंद्र, पशु अस्पताल व हाई मास्क लाइटों सहित विभिन्न परियोजनाओं की सौगात

# विधायक ने 29 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति देते विधायक सतपाल जाम्बा ने 29 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में भारी संख्या में ग्रामीणों, पंचायती प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सबसे पहले कैथल–करनाल रोड के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 23.73 करोड़ है। यह सड़क राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रसीना के पास से होकर गुजरती है और इसके निर्माण से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। इसके पश्चात गांव आहूं में 31.11 लाख तथा गांव पबनावा में 40.29 लाख की लागत से पशु अस्पताल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं गांव पिलनी में भी 31.11 लाख की लागत से पशु अस्पताल निर्माण की आधारशिला रखी गई। इन परियोजनाओं से पशुपालकों को बड़ी राहत मिलेगी और पशुधन की बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त 15 गांवों में हाई मास्क लाइटों का उद्घाटन (82 लाख), गांव फरल में फल्गु तीर्थ पर निर्माण कार्य व 25 लाइटों का उद्घाटन (134.35 लाख) तथा पुंडरी में पाई रोड पर 2.50 करोड़ की लागत से सामुदायिक केंद्र निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया।


पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते ।

**विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।**

"पूंडरी क्षेत्र का समग्र विकास ही मेरा संकल्प है। सड़क, स्वास्थ्य, प्रकाश व्यवस्था और सामुदायिक ढांचे को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। इन परियोजनाओं से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र की आधारभूत संरचना और सुदृढ़ होगी।" उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास की यह गति लगातार जारी रहेगी। ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने इन विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और कहा कि लंबे समय से जिन कार्यों की मांग की जा रही थी, वे अब धरातल पर उतर रहे हैं। लोगों ने विधायक की सक्रियता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

---

### बर्खास्त सिपाही ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट

# न्याय की मशाल लेकर निकले थे, लेकिन व्यवस्था के अंधेरे बेहद गहरे हैं....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

दुराचार, अवज्ञाकारिता और अनुशासनहीनता के आरोपों के आधार पर सेवा से बर्खास्त किए गए हेड कांस्टेबल सुनील संधु ने अब सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट सांझा की है। इस पोस्ट में उन्होंने अपने समर्थन में खड़े लोगों का आभार जताते हुए भविष्य में कानूनी लड़ाई लड़ने का संकेत दिया है।

गौरतलब है कि बीते दिन कैथल की एसपी उपासना द्वारा विभागीय कार्रवाई करते हुए सुनील संधू को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया था। कार्रवाई के बाद अब संधू ने फेसबुक पर लंबा संदेश लिखते हुए कहा कि वह शहीद-ए-आजम भगत सिंह के वंशज हैं और बी आर अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में उनकी गहरी आस्था है।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि उन्हें महाराणा प्रताप और गुरु गोविंद सिंह जैसी महान विभूतियों से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे न्याय की मशाल लेकर निकले थे, लेकिन व्यवस्था के अंधेरे बेहद गहरे हैं।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय यजुर्वेद यज्ञ कार्यक्रम संपन्न

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के अकालगढ़ गांव में आर्य समाज सभा के तत्वावधान में तीन दिवसीय यजुर्वेद यज्ञ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान 27 फरवरी से एक मार्च तक श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। यज्ञ के दौरान कालवा गुरूकुल के ब्रह्मचारी बलराम आर्य और ब्रह्माव्रत ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वेद मंत्रों की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।

### सीपीएम की जन संघर्ष रैली 24 मार्च को होगी

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की जिला की बैठक स्थानीय कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता राज्य सचिवमंडल सदस्य सतबीर खरल ने की। बैठक के दौरान सीपीएम ने केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की सैनी सरकार के विरुद्ध जन संघर्ष का बिगुल फूंकते हुए स्पष्ट किया कि 2026 का यह दौर भारत के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज होगा। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्तासीन हुक्मरान विदेशी आकाओं के सामने घुटने टेककर देश की आत्मा का सौदा कर रहे हैं।

### सुनील संधू को बर्खास्त करने पर जताया रोष

**जींद।** सर्वजातीय कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, प्रवक्ता जगत सिंह रेढू और प्रधान महासचिव राजसिंह कंडेला ने कहा कि हरियाणा सरकार की सहमति से पुलिसकर्मी सुनील संधु को बिना किसी जांच किए अन्यायपूर्ण तरीके से बर्खास्त किया है। जो सरकार की प्रशासन पर कमजोर पकड़ और सरकार की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। सरकार को इस मामले में उचित निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए और तब तक इस मामले से संबंधित अधिकारी को भी बर्खास्त करना चाहिए।

### उचाना विकास रैली ने तोड़े भीड़ के सारे रिकार्ड

**उचाना।** उचाना मंडी पूर्व प्रधान एवं भाजपा नेता सत्यनारायण मखंड ने कहा कि उचाना में हुई विकास रैली में उमड़ी भीड़ ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोडऩे का काम किया। जनसभा में भीड़ इतनी थी कि जो पंडाल था उसमें पैर रखने तक को जगह नही थी। लोगों को सीएम का भाषण पंडाल में बाहर खड़े होकर सुनना पड़ा। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में रैली में पहुंचे सीएम नायब सिंह सैनी ने हर मांग को मानने का काम किया। ये रैली उचाना के विकास के लिए अहम साबित होगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक परिसर जींद व उप मंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष पूनम सुनेजा के नेतृत्व में आगामी 14 मार्च को जींद नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा व प्रत्येक कार्य दिवस को स्पेशल प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

### योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है।

---

### इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

# 1857 की क्रांति पर आधारित नाटक से देशभक्ति की भावना जागृत की

*स्कूल विद्यार्थियों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध*

**बच्चों ने अपनी प्रतिभा से मोहा सबका मन**


जींद। हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में वार्षिक उत्सव का भव्य एवं शानदार तरीके से आयोजित किया गया। विद्यालय प्रांगण रंग बिरंगी सजावट, आकर्षक मंच और उत्साहपूर्ण वातावरण से सराबोर था। कार्यक्रम की थीम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़े संस्कारों के साथ आधुनिक युग की प्रदान करना था ताकि वे जीवन में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। 1857 की क्रांति पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने देशभक्ति की भावना जागृत कर दी।

विद्यार्थियों ने वीरता, बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम की गाथा को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। नो मोर मोबाइल प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने मोबाइल की लत और उसके दुष्प्रभावों पर जागरूकता का संदेश दिया। पंजाबी भंगडा ने पूरे पंडाल में जोश और ऊर्जा भर दी। छोटे बच्चों का एबीसीडी डांस सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। उनकी मासूम अदाओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रस्तुति में पारंपरिक शिक्षा पद्धति और आधुनिक एआई पर आधारित शिक्षा का सुंदर संगम दिखाया गया। प्रस्तुति से समाज को एक गहरा संदेश दिया कि भोजन की बर्बादी रोकना और जरूरतमंदों की मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इनके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने अनेक देशभक्ति, सांस्कृतिक, हरियाणवी, बॉलीवुड, फ्यूजन, लोक नृत्य एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किए। हर प्रस्तुति में भावनाओं की गहराई, सामाजिक संदेश, मनोरंजन, हास्य, मस्ती और आत्मविश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिला। इन सभी प्रस्तुतियों में भावनाएं, सामाजिक मुद्दे, मनोरंजन, हास्य और प्रेरणा का अद्भुत समावेश देखने को मिला।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में प्रवीण, संजीव तयाल, अरुणा शर्मा, प्रवीण, अमित गौर, डा. वीरेन्द्र सिंह, आजाद कुंडू, संदीप देसवाल, बरार, विक्रम कुंडू, हरपाल नेहरा, श्रीपाल, रोहताश शर्मा, जसबीर देशवाल, प्रवीण जैन, राम करण एवं रोहताश, अमित गोयल, हरि राम गोयल, भगवान दास, प्रेम कुमार, सोनू शर्मा, योगेश जैन, राजू गर्ग, आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल से सुरेंद्र मडोत्रा, ज्योति सैनी, अर्जिता गुप्ता तथा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन, आधुनिक सुविधाओं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह वार्षिक उत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नही बल्कि संस्कार, शिक्षा और आधुनिकता के संगम का एक जीवंत उदाहरण रहा। इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा भविष्य में भी विद्यार्थियों को मजबूत जड़ों से जोड़ते उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

---


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते डा. विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## गिले-शिकवे भुला कर मानव कल्याण के लिए काम करें सभी : डॉ. धर्मदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा साहित्य संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि यज्ञ नाम कल्याण का है, कल्याण शिव का पर्यायवाची है। इसलिए यज्ञ करने से सब का कल्याण होता है और सृष्टि निर्माता शिवजी की उपासना होती है। डा. विद्यार्थी रविवार को आयोजित 101 कुंडीय यज्ञ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यज्ञ के समय मन पवित्र होता है। पवित्रता के साथ किया गया कोई भी संकल्प सदा पूर्ण होता है। इसलिए डीएवी संस्थान ने नो नशा नेशन अभियान के अंतर्गत यज्ञ के माध्यम से शपथ दिला कर नशा छुड़वाने की मुहिम चलाई है। इसी मुहिम के अंतर्गत डीएवी स्कूल के द्वारा जींद के कोने-कोने में यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनता का बाहरी समर्थन मिल रहा है। सुरेंद्र मोर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यज्ञ को पवित्र कर्म बताया तथा कहा कि आज सारी कॉलोनी इस यज्ञ से शुद्ध हो गई है। ऐसे आयोजन बार-बार होते रहने चाहिए। डीएवी पब्लिक स्कूल प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने उपस्थित लोगों को नशा छोडऩे की शपथ दिलवाई और नशा से दूर रहने का आह्वान किया। हरेंद्र भारद्वाज, सुजाता शर्मा और सुजाता चुघ के भजनों से जनता झूम उठी। इस यज्ञ हवन की विशेषता यह है कि डा. धर्मदेव विद्यार्थी द्वारा संस्कृति मंत्रो का हिंदी काव्य अनुवाद किया गया है। उसी के आधार पर यज्ञ किया जाता है जो जनता को आसानी से समझ में आता है। इसलिए यह विधि बड़ी तेज गति से लोकप्रिय हो रही है। यज्ञ का संचालन कर्ण देव शास्त्री द्वारा किया गया। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि होली मिलन से पहले सबके दिल मिलने की कामना की। उन्होंने आह्वान किया कि सब गिले, शिकवे भुला कर मानव कल्याण के लिए काम करें। इस मौके पर वीरेंद्र लाठर, शिव कुमार, कैप्टन शीशराम, सूर्य देव आर्य, अनिल ढींगरा, परवीन कुमार, धर्मपाल, सुरेश कुमार और सतवीर फौजी ने भाग लिया।

---

## शिविर में 200 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निजी होटल में रविवार को हेल्प ए मिशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. अनिल जैन ने शिरकत की और रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। शिविर में 200 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करते कहा कि स्वस्थ्य व्यक्ति को जरूर रक्तदान करना चाहिए। रक्त की एक बूंद बीमार व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करती है। रक्तदान करने वालों के साथ उन असहाय और जरूरतमंद लोगों की दुआएं हमेशा साथ रहती हैं, जिनके लिए उनका दिया हुआ खून काम आता है। कहा कि रक्त का दूसरा कोई विकल्प नही है। रक्त की कमी रक्त से ही पूरी की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ अपने साथियों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। रक्तदान का शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।

## बिना शिक्षा के जीवन अंधेरे के बराबरः कपिल सबरवाल

■ गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी में वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी में वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन हुआ। गेस्ट ऑफ ऑनर डा. रमेश पांचाल सिविल सर्जन स्कूल हेल्थ विभाग पहुंचे। मुख्यअतिथि के तौर पर जज कपिल सबरवाल पहुंचे। अध्यक्षता प्रधान सुरेंद्र जैन ने की। प्रबंधन समिति सचिव आरके गोयल द्वारा स्कूल के उपलब्धियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते मंच से दावा किया कि उनके स्कूल की फीस जींद जिले में सबसे कम है तो जो परीक्षा परिणाम में वो हरियाणा में सबसे आगे है। स्कूल से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी धर्ममार्ग पर चल कर साधुसंत बने तो बड़े-बड़े अधिकारी स्कूल से शिक्षा ग्रहण करके बने। कपिल सबरवाल ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन को बदल देती है। शिक्षित होना जीवन में बहुत जरूरी है। बिना शिक्षा के जीवन अंधेरे के बराबर है। शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने हर सपने को पूरा कर सकते है। जीवन में हर चीज का बंटवारा हो सकता है लेकिन शिक्षा का कभी बंटवारा नहीं हो सकता है। शिक्षित इंसान समाज को तरक्की के पर लेकर जाता है। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आ रहे है साबित करता है कि शिक्षा को लेकर आज हर कोई जागरूक हो चुका है। आज प्रतिस्पर्धा का दौर है इस दौर में आगे बढऩे के लिए निरंतर मेहनत करनी होगी। डा. रमेश पांचाल ने कहा कि कोई भी मंजिल दूर नहीं होती बस जरूरत है मन से मेहनत करने की। कई बार पहली बार में मंजिल नहीं मिलती तो निराश न हो बल्कि उसे पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। कई बार असफलता में ही बड़ी सफलता का राज छिपा होता है। कार्यक्रम में छात्राओं ने मात मैने मरवाए मत ना गीत पर गुरप डांस कर कन्या भ्रूण हत्या पर कटाक्ष किया। मेरा नाम है चमेली, जय-जय हरियाणा, छोरा मैं हरियाणा का गीत पर डांस कर कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों, आमजन को झूमने पर मजबूर कर दिया। अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर प्राचार्या सविता सिंगला, अमृत लाल जैन, रामनिवास बुडायन, सत्यनारायण मखंड, वीरेंद्र करसिंधु, रामचंद्र अत्री, सतपाल गोयल, उदय सिंह कोथ, भारत भूषण पार्षद, वेदप्रकाश गर्ग, संदीप चौधरी, नीरज मिगलानी, संदीप साहिल शर्मा, हनुमान कापड़ो, महावीर शास्त्री, दयानंद मित्तल, शीशपाल शास्त्री, धीरा कापड़ो, सतपाल करसिंधु, सत्यवान वर्मा मौजूद रहे।

---


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते किसान। फोटो :हरिभूमि

### भाकियू ने 450 किसानों को किया सम्मानित

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन ने 26 जनवरी पर ट्रैक्टर यात्रा में शामिल होने वाले ट्रैक्टर चालक किसानों को सम्मानित किया है। नौगामा खाप में पिछले तीन दिन से भाकियू द्वारा अभियान चलाया जा रहा हैए जिसके तहत 450 किसानों को सम्मानित किया जा चुका है। हालांकि 26 जनवरी को ही ट्रैक्टर चालक किसानों को सम्मानित किया जाना था लेकिन उस दिन रामराय निवासी भीरा की ट्रैक्टर के नीचे आने से मौत हो गई थी। इस कारण सम्मानित करने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। भाकियू के जिला प्रधान बिंदर नंबरदार, प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल, जिला महासचिव राजेंद्र पहलवान, जयबीर, भगत सिंह, अजमेर, रमेश, सुभाष, चंद्र नंबरदार ने बताया कि कार्यकारिणी के सदस्य राजपुरा भैण, रामराये, पोंकरी खेड़ी, ईंटल कलां, ईंटल खुर्दए ईक्कसए रामगढ़ए ईगराह, बीबीपुर गांव में चौपालों में कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। इसमें 26 जनवरी को जो किसान ट्रैक्टर यात्रा में ट्रैक्टर लेकर आए थे। उन्हें भाकियू की हरी पगड़ी देकर सम्मानित किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन अपनी मांगों को लेकर समय-समय पर प्रदर्शन, धरने, ट्रैक्टर यात्रा निकालती रही है ताकि किसानों को उनका हक मिल सके।

## 40वां भगवती जागरण २८ मार्च को

**हेमंत बृजवासी, बब्बू चावला करेंगे मां का गुणगान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। शहीदे आजम युवा क्लब के प्रधान गुलशन सलूजा।

शहीदे आजम युवा क्लब के तत्वावधान में 40वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन 28 मार्च को पटियाला चौंक स्थित जागरण ग्राऊंड में किया जाएगा। क्लब प्रधान गुलशन सलूजा ने बताया कि जागरण के दौरान जहां आमजन को कन्या भ्रूण न किए जाने को लेकर शपथ दिलाई जाएगी वहीं कन्या महत्ता को लेकर भी श्रद्धालुओं को प्रेरित किया जाएगा। क्लब प्रधान गुलशन सलूजा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवती जागरण भव्य तौर पर आयोजित किया जाएगा और स्थानीय कलाकारों के अलावा बाहर से आए कलाकार इस जागरण में मां भगवती की भेंटें सुना श्रद्धालुओं को भाव विभोर करेंगे। जागरण में मख्यअतिथि के तौर पर जींद के भाजपा विधायक एवं हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि होंगे और मां की ज्योत प्रज्जवलित करेंगे। जबकि समाजसेवी रमेश ढिल्लो, पूर्व सांसद सुरेंद्र बरवाला, रूद्राक्ष मिड्ढा, राजन चिल्लाना सम्मानित अतिथि होंगे। कोषाध्यक्ष अमित सिंधवानी ने बताया कि जागरण में हेमंत बृजवासी, कुरूक्षेत्र से बब्बू चावला, नरेश भजनी मां का गुणगान करेंगी। इस बार विशेष तौर पर मां का दरबार सजाया जाएगा जोकि आकर्षण का केंद्र होगा। जागरण का समापन मां तारा रानी की कथा से होगा। कलाकार कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरण मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे।

### सर्वसम्मति से केएल सैनी बने प्रधान

**मुलाना।** सैनी सभा हल्का की एक मीटिंग प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र सैनी एवं महासचिव हेमराज सैनी की अध्यक्षता में सभा के प्रांगण में हुई। मीटिंग में सैनी सभा की गवर्निंग बॉडी का चुनाव हुआ। चुनाव रिटर्निंग अधिकारी जंग बहादुर की देखरेख में हुआ।गर्वनिंग बॉडी के सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। इसमें प्रधान केएल सैनी ,महासचिव सोमनाथ सैनी, उप प्रधान सतपाल सैनी , कोषाध्यक्ष सुखविंदर सैनी सरपंच सरदेहड़ी , ज्वाइंट सेक्रेट्री जसविंदर सैनी हल्दरी , कोऑर्डिनेटर डॉ. बलदेव सैनी बराडा , तकनीकी सलाहकार मायाराम सैनी मुलाना , लीगल एडवाइजर एडवोकेट संदीप सैनी सुभरी , मीडिया प्रभारी प्रवीण सैनी रजौली और वरिष्ठ सलाहकार जीत राम सैनी , जगीर सिंह सैनी, रोशन लाल सैनी धनौरी, रोशन लाल सैनी सुभरी को चुना गया । सभा के सदस्यों ने नवनियुक्त टीम को मुंह मीठा कर बधाई दी। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान केएल सैनी ने पुरानी टीम के सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद किया एवं उन्होंने कहा कि वह उनके कामों का अनुसरण कर सभा के निर्माणाधीन भवन के कार्य को ओर तेजी से आगे बढ़ाएंगे।

### विज्ञान प्रतियोगिता में दिव्या प्रथम

**उचाना।** राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा आयोजित प्रदेशस्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा की छात्रा दिव्या ने जूनियर लेबल में हरियाणा में पहला, सीनियर लेबल में साक्षी ने प्रदेश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल डिंपल अरोड़ा ने बताया कि कुछ समय पहले प्रदेशस्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता जूनियर, सीनियर लेबल की हुई थी। स्कूल की दो छात्राओं ने अलग-अलग वर्गों में प्रदेशस्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करके स्कूल, क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर एमडी शर्मिली श्योकंद, हरदीप श्योकंद एवं प्रदीप श्योकंद ने प्राचार्याए छात्राओं एवं शिक्षकों को श्रेय देते हुए कहा कि होनहार विद्यार्थी स्कूल एवं क्षेत्र की शॉन है।

---

### माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल पिल्लूखेड़ा में सेमिनार का किया आयोजन

## सेमिनार में छात्राओं को तनाव से मुक्त होने के उपाय बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। सेमिनार में छात्राओं को संबोधित करते हुए नीरज। फोटो :हरिभूमि

माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल पिल्लूखेड़ा में अध्ययनरत किशोरियों एवं उनके शिक्षकों के लिए तनाव से मुक्त होने के उपाय, सकारात्मक जीवन जीने का तरीका, किशोरावस्था में भावनात्मक बदलाव समझना, आत्मविश्वास बढाने व स्वयं को स्वीकार करने के तरीकों को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्रधानाचार्या ज्योति छिब्बर ने की जबकि परामर्शदाता नीरज कुमार ने विषयों को लेकर छात्राओं को जागरूक किया। सेमिनार को संबोधित करते परामर्शदाता नीरज कुमार ने छात्राओं से जीवन कौशल को लेकर कई सवाल किए और उन्हें बताया कि जीवन कौशल वे क्षमताएं हैं, जो व्यक्तियों को दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने, स्वस्थ संबंध बनाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती हैं। नीरज ने छात्राओं को बताया कि तकरीबन हर इंसान कभी न कभी तनाव से गुजरता है। हमें इस भावना को पहचानना है। जब भी आप बहुत अधिक तनाव का महसूस करते हैं तो आराम करना जरूरी होता है। आपके लिए जो जरूरी है, उस पर ध्यान दें। उन बातों को छोड़ दें जो जरूरी नहीं हैं। अपने तनाव के बारे में दूसरों से बात करें। नीरज ने छात्राओं को हमेशा सकारात्मक रहने के लिए कहा। हमें सकारात्मक जीवन जीने के लिए हर परिस्थिति में अच्छाई ढूंढना, आभार व्यक्त करना, नियमित योग व व्यायाम करना और नकारात्मक लोगों व विचारों से दूरी बनाना आवश्यक है। इसके अलावा संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और सकारात्मक आत्मचर्चा के माध्यम से मानसिक शांति बनाई जा सकती है जो हमारे जीवन को खुशहाल और सार्थक बनाता है। परामर्शदाता नीरज ने कहा कि किशोरावस्था में भावनात्मक बदलाव आते हैं। जिन्हें समझना जरूरी है और अपने आप पर कंट्रोल रखना है।

**ये रहे मौजूद**

प्रधानाचार्य ज्योति छिब्बर ने कहा कि बच्चे अपने काम खुद करें तो वो उसमें व्यस्त रहेंगे। इससे वो जिम्मेदारी लेना सीखेंगे और धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बनेंगे। अगर हम चाहते हैं कि आपका बच्चा सिर्फ अच्छे नंबर ही न लाए बल्कि जिंदगी में भी मजबूत बने तो उसे पढ़ाई के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। क्योंकि छोटी उम्र में जो सीखा जाता है, उसका असर पूरी जिंदगी रहता है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में मदद करती है। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना, सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेना भटकाव को कम कर सकता है। ध्यान और योग तनाव कम करने और मानसिक स्पष्टता बढ़ाने में मदद करते हैं।

## फसल के सीजन में नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानी : प्रवीण गर्ग

### तोल के लिए मंडी से दूर नहीं जाना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। प्रवीण गर्ग वाइस चेयरमैन मार्केट कमेटी उचाना।

मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने कहा कि फसल के सीजन में किसी तरह की परेशानी किसान, मजदूर, आढ़तियों को नहीं आने दी जाएगी। चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा सीजन से पहले मीटिंग कर सुझाव भी आढ़तियों, किसान संगठनों से ले चुके है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में निरंतर किसान, आढ़ती हित के कार्य अनाज मंडी में हो रहे है। हाइवे स्थित उचाना अतिरिक्त मंडी में धर्मकांटा बनने के बाद अब छात्तर सब यार्ड पर धर्म कांटे का निर्माण चल रहा है। यहां पर धर्मकांटा बनने के बाद किसानों, आढ़तियों को परेशानी लोडिंग, खाली वाहन के तोल को लेकर होती थी वो नहीं होगी। तोल के लिए मंडी से दूर नहीं जाना पड़ेगा। किसान परिवार से विधायक खुद है ऐसे में वो हर समस्या से भलीभांति परिचत है। निरंतर सरकार किसानए आढ़ती हित में कार्य कर रही है।

## आरकेएसडी कॉलेज में भारत के अनुभव विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी

# विकसित भारत बनाने में शिक्षित व कुशल युवाओं की अहम भूमिका : शोरेवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा हरियाणा केमहानिदेशक उच्च शिक्षा (डीजीएचई), हरियाणा की स्वीकृति से "भारत के अनुभव@100: विकास यात्रा का विश्लेषण और भविष्य के पदचिन्ह" विषय पर एक दिवसीय अंतर्विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि विकसित भारत केवल सरकार की योजना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने कहाकि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षित,कुशल एवं नैतिक मूल्यों से युक्तयुवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि आरकेएसडी महाविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थान राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में आधार स्तंभ की भूमिका निभाते हैं। इस संगोष्टी के माध्यम से उन्होंने आर्थिक सशक्तिकरण, नवाचार, उद्यमिता औरआत्मनिर्भरता को विकसित भारत के प्रमुख स्तंभ बताते हुए, विद्यार्थियों को अपनेज्ञान और कौशल का उपयोग देश की प्रगति के लिए करने का आह्वान किया।



कैथल। आरकेएसडी कालेज में पुस्तक का विमोचन करते पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजितइस सार्थक संगोष्ठी की सराहना की। उन्होंने संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए भारत के विकासात्मक भविष्य के निर्माण में शैक्षणिक अनुसंधान एवं बौद्धिक विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत कालक्ष्य समावेशी विकास, सामाजिक न्याय, तकनीकी उन्नति और सततविकास पर आधारित है।

### उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं,जिम्मेदार नागरिक बनना भी है

प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उच्चशिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। उन्होंने छात्रों को अनुसंधान, नीति-निर्माण और कौशल विकास गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया, ताकिवे भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में अपनायोगदान दे सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अनुशासन, परिश्रम और नवाचार के माध्यम से युवा शक्ति देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगी।

**उद्घाटन सत्र का एक प्रमुख आकर्षण संगोष्ठी स्मारिका का विमोचन रहा**

प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने कहा कि केवलसकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धिपर्याप्त नहीं है, बल्कि समावेशी, सततएवं बहुआयामी विकास के माध्यम सेही "विकसित भारत" के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उद्घाटन सत्र का एक प्रमुख आकर्षण संगोष्ठी स्मारिका का विमोचन रहा। मुख्य वक्तव्य कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर (डॉ.) अशोक चौहान द्वारा प्रस्तुत कियागया। उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. (डॉ.) राजबीर पराशर, अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। संगोष्ठी के विषय का परिचय संगोष्ठी संयोजक डॉ. सूरज वालिया ने प्रस्तुत किया।

## पाई गांव में किया गया मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

**पाई।** जय भारत पब्लिक स्कूल में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मा. सत्प्रकाश ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ झण्डई ने शिरकत की। मंच संचालन सतपाल पराशर आनन्द ने किया। गोष्ठी का आगाज़ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वन्दना के साथ किया गया।गोष्ठी में आए सभी साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से वातावरण को काव्यमय बना दिया। महेन्द्रपाल सारस्वत काण्व द्विवेदी ने ' सरस्वती वन्दना ' एवं ' संत दिवानों की ,भक्त किसानों की ' मंडी साईं की , सदा हरिनाम कमाई की ' रचना प्रस्तुत करके वाहवाही लूटी। ओमप्रकाश सारस्वत ने ' काले वस्त्र शनि सवारी आज दिखाई दे सै , मेरे सामने खड़े मनै यमराज दिखाई दे सै।' ये करुण रसमयी रचना सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। मास्टर धर्मपाल ने ये भजन सुनाकर तालियाँ बटोरी ' आजा नंद के दुलारे हो रोवै अकेली मीरा'। कृष्ण शर्मा ने अपने भाव कुछ इस प्रकार प्रस्तुत किए ,' सीताराम सीताराम सीताराम कहिए , जाहि विधि राखै राम ताहि विधि रहिए।' हवा सिंह ने ' काल के रूप अनेक बताए एक सकल ना चेहरा , कब काल किस रूप में आज्या नहीं किसे नै बेरा। ' ये स्वरचित आध्यात्मिक भजन सुनाया । बजीर सिंह ने ' ऋषि मुनि और ज्ञानी ध्यानी प्रभु ध्यावै सांझ सवेर तनै।' ये भजन सुनाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सतपाल पराशर आनन्द ने ' रंगाँ का त्योहार सै होळी , भीत्तर आळा प्यार सै होली।' ये रचना सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया । डॉ हरीश चन्द्र झण्डई ने ' जिन्दगी है जिम्मेदारियों का एहसास' इन शब्दों के माध्यम से जिम्मेदारियों के प्रति सजगता की प्रेरणा देती हुई अपनी रचना प्रस्तुत की। मा. सतप्रकाश शर्मा ने सभी साहित्यकारों को गोष्ठी में पहुंचने पर धन्यवाद देते हुए अध्यक्षीय टिप्पणी के साथ' मेरा भाई मीता , पानी तक नी पीता , फिर बी जीता ' ये हास्य एवं ज्ञानवर्धक रचना प्रस्तुत की।




कैथल। होली के पर्व पर किडजी स्कूल के स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## किड्ज़ी प्री-स्कूल में होली उत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में होली का पर्व हर्षोल्लास और रंगों की खुशियों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने होली के गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं कुछ बच्चों ने होलिका दहन का सजीव अभिनय प्रस्तुत कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। बच्चों की मासूम अदायगी और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। इस उत्सव में अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। अभिभावकों ने शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रधानाचार्या मैम के साथ मिलकर फूलों और रंगों के साथ होली मनाई। पूरे वातावरण में खुशी, प्रेम और आपसी भाईचारे की भावना देखने को मिली।

होली के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू नरवाल ने स्कूल में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों एवं बच्चों को होली का शुभ संदेश दिया। उन्होंने सभी से प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को सीखने का भी एक सुंदर अवसर बना।


**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मोनिका धीमान, संजना, दीक्षा, ममता, मुस्कान ,दीप्ति ,मोनिका ,अंजलि व अन्य स्टाफ सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## प्रदेश का आम बजट होगा 'विकसित भारत' की दिशा में बड़ा कदम: छाबड़ा

■ नायब सरकार किसानों की गेहूं का एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए वचनबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



हरियाणा राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा है कि हरियाणा की नायाब सरकार द्वारा पेश किया जाने वाला आगामी बजट प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला साबित होगा। अब तक का सबसे बड़ा 2 लाख 25 हजार करोड़ रुपए का ऐतिहासिक, विकासकारी व लाभकारी बजट पेश होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि बजट में किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति पर कार्य करते हुए संतुलित और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे रही है। हरियाणा के हर जिले में विकास कार्यों की गंगा बह रही है। नायब सरकार जनहित में किए गए सभी वादों को पूरा कर रही है। अमरजीत छाबड़ा ने विशेष रूप से आगामी गेहूं खरीद सीजन का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार किसानों का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए वचनबद्ध है। सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं से किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मंडियों में पारदर्शी और सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

## खड़ालवा मटौर खेड़ी भालंग सेवा समिति ने बच्चों संग खेली होली




**कैथल।** खड़ालवा मटौर खेड़ी भालंग सेवा समिति के द्वारा एमडीएन ग्लोबल स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाल सिंह ने बताया की कैथल में हमारी छत्तीस बिरादरी की समिति है जो सामाजिक कार्य करती है जैसे रक्त दान ,गरीबों की सहायता करना ओर आपसी भाईचारा को बढ़ावा देती है , प्रधान जी ने बताया कि कैथल शहर में इन चारों गाँवों लगभग 270 परिवार रहते हैं और आज इस कार्यक्रम में हर घर पुरुष- महिलाएँ व बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं , कार्यक्रम में हर पुरुष-महिला ने अपना अपना परिचय देकर एक दूसरे से जान- पहचान को मजबूत बनाने का काम किया। बहुत सी महिलाओं ने अपनी हरियाणवी वेश दामन-कुर्ता पहनकर हरियाणवी लोक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाने का काम किया, समिति की तरफ़ देशी घी के खाने का आयोजन भी किया। समिति के महासचिव जगमग मटौर ने बताया कि पूरी समिति जरूरत मंद के लिए आधी रात को भी सहायता के लिए तैयार रहती है। समिति अध्यक्ष पाल सिंह , महासचिव जगमग मटौर , सचिव मास्टर श्रवण खेड़ी, सदस्य ईश्वर सिंह, राममेहर खेड़ी, डॉक्टर हरविलाश, मास्टर रामचंद्र , दलीप सिंह मटौर, कृष्ण पटवारी, जगदीश बनवाला ,मास्टर नरेश, रोहतास, शमशेर समेत समिति सैंकड़ों परिवार मौजूद रहे।

## चहल खाप का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 22 मार्च को अलेवा में

**राजौंद।** चहल खाप की प्रदेश कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक गांव कोटड़ा में आयोजित की गई, जिसमें समाज से जुड़े विभिन्न गांवों के गणमान्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रधान बलबीर सिंह चहल (बड़ौदा) ने की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चहल खाप का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 22 मार्च को गांव अलेवा, जिला जींद में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## खबर संक्षेप

### पहले वाली हवा रही न पहले वाला पानी...



**पूंडरी।** नई अनाज मंडी में क्षेत्रीय सभा पूंडरी द्वारा आयोजित दो दिवसीय रागनी प्रतियोगिता के दूसरे दिन हरियाणवीं लोक संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिली। मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच लाभ सिंह जांबा, मार्केट कमेटी पूंडरी के चेयरमैन सुभाष हजवाना व समाजसेवी बलबीर मौजूद रहे। बलबीर ने रीबन काटकर शुभारंभ किया। अध्यक्षता सभा प्रधान अजमेर गोलन ने की, जबकि संयोजक चेयरमैन सुरेश सैनी रहे। विकास हरियाणवीं ने अपनी चर्चित रागनियों "पहले आली हवा ना रही, ना पहले आला पानी", "श्रीकृष्ण जी लगे सुनावण गीता का उपदेश" तथा "समय बड़ा बलवान, समय से डर कै रहणा चाहिए" के माध्यम से समाज को संदेश दिए।



### कौल में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट की तैयारियां तेज

**ढांड।** कौल में राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर हाल ही में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें वालीबॉल के कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और पदाधिकारी शामिल हुए।गांव कौल के बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय स्थित बलवंत सिंह बल्लू स्टेडियम में 6 मार्च 2026 को बलवंत सिंह बल्लू मेमोरियल द्वारा एक भव्य राष्ट्रीय स्तरीय तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विभिन्न टीमों में हिस्सा लेंगे। अर्जुन अवॉर्ड, भीम अवार्ड से सम्मानित स्वर्गीय चौधरी बलवंत सिंह बल्लू की स्मृति में होने वाली इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को नकद पुरस्कार और आकर्षक ट्रॉफी दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।




### स्कूल लीडर समिट में गोल्ड लाइफ स्कूल को मिला 'स्कूल लीडर्स सम्मान'

**राजौंद।** गोल्ड लाइफ स्कूल ने वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित स्कूल लीडर समिट में भाग लेते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'स्कूल लीडर्स सम्मान' प्राप्त किया। यह दो दिवसीय सम्मेलन नेशनल इंडिपेंडेंस स्कूल अलायन्स द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें टाइम्स ऑफ इंडिया तथा चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज का सहयोग रहा। कार्यक्रम में देशभर से 550 से अधिक विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य विषय था — "शिक्षा के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति" तथा निजी विद्यालयों की भूमिका को सशक्त बनाना।

### पंजाबी सेवा सदन ने आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को बांटा राशन

**कैथल।** 1 मार्च पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह की तरह आज भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है । परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च माह की राशन सेवा संस्था के संरक्षक सुधीर मेहता ने अपने पूज्य पिता स्व लछमन दास मेहता जी की पुण्य स्मृति में दी।

### दीन दयाल योजना के तहत मृत्यु या दिव्यांग होने पर लाभार्थियों को मिलती है आर्थिक सहायता: डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

## नियुक्तियों में हरियाणा के युवाओं की अनदेखी: बृजेंद्र सिंह



कैथल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा अपने 148 वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। रविवार को सद्भाव यात्रा गुहला चीका के गांव खरकां से प्रारंभ हुई जहां भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद यात्रा गांव समाधां, गांव थेह खरक, गांव घोघ, गांव नागला, गांव गोरा से होते हुए गांव सिवन में सम्पन्न हुई। सीवन की वाल्मीकि धर्मशाला में वाल्मीकि समाज ने यात्रा का भव्य स्वागत किया साथ ही भरपूर समर्थन भी दिया। बाहरी लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने हरियाणा के युवाओं के रोजगार का मुद्दा उठाया । उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रही नियुक्तियों में हरियाणा के युवाओं के साथ भेदभाव अपनाया जा रहा है । बाहरी लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता दी जा रही है । इस कारण से हरियाणा का शिक्षित युवा वर्ग में सरकार के प्रति रोष बढ़ रहा है।

## विद्यार्थियों को नवाचार व आधुनिक तकनीक अपनाने पर किया प्रेरित

■ चौधरी ईश्वर सिंह कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 'टैकफेस्ट 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला एवं समस्त प्राध्यापकगण ने किया।

प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीक ने हमारे दैनिक जीवन में व्यापक परिवर्तन किए हैं। उन्होंने छात्राओं को नवाचार, अनुसंधान और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग, टेक रंगोली, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, साइंस मॉडल, प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग स्किल्स तथा मनोरंजक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व पर निकाली जाएगी श्री ननकाना साहिब यात्रा



**सीवन।** हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सह-सचिव बलविंद्र सिंह भिंडर प्रभावत ने बताया कि श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व के अवसर पर संगत के लिए पवित्र तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के तहत श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित श्री ननकाना साहिब के दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी पर्व सिख इतिहास में त्याग, धैर्य और आस्था की अनुपम मिसाल है। ऐसे पावन अवसर पर श्री ननकाना साहिब की यात्रा संगत के लिए आध्यात्मिक रूप से विशेष महत्व रखती है। कमेटी का उद्देश्य श्रद्धालुओं को गुरुओं की पावन धरती के दर्शन करवाना और उन्हें आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करना है। भिंडर ने जानकारी दी कि यात्रा में शामिल होने के इच्छुक श्रद्धालु 15 मार्च से पहले अपना वैध पासपोर्ट हरियाणा के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में जमा कराएं, ताकि आवश्यक औपचारिकताएं समय रहते पूरी की जा सकें। अन्य प्रक्रियाओं और दिशा-निर्देशों की सूचना कमेटी द्वारा समय-समय पर सांझा की जाएगी। उन्होंने संगत से अपील की कि सभी श्रद्धालु निर्धारित नियमों का पालन करें और आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रूप से तैयार रखें।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहें आमजन : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई फिशिंग, फेक लिंक और अन्य ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है, साइबर अपराध को रोकने की संभावना उतना ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वेबसाइट और 1930 साइबर हेल्पलाइन उपलब्ध करवाई गई है।

**सौगात** गांव साकरा में बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

# चेयरमैन कर्मबीर ने गांव कौल, साकरा व धेरूडू को दी लगभग 42 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल ने शुक्रवार को अपने क्षेत्र के गांव कौल, साकरा एवं धेरूडू में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शुभारंभ किया। इस दौरान तीनों ग्राम पंचायतों को कुल मिलाकर लगभग 42 लाख रुपये की विकास सौगात प्रदान की गई।

गांव कौल के महिला मंडल प्रांगण में लगभग 8 लाख 4 हजार रुपये की लागत से बनने वाले 70×50 फीट क्षेत्रफल के आयरन शेड का विधिवत शुभारंभ किया गया। चेयरमैन ने कहा कि यह शेड सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहायक सिद्ध होगा। गांव साकरा के बस स्टैंड पर महिलाओं एवं पुरुषों के लिए सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिस पर लगभग 6 लाख 12 हजार रुपये की लागत आएगी। इसके अतिरिक्त साकरा में कम्युनिटी हॉल निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। उक्त कम्युनिटी हॉल में ब्लॉक निर्माण कार्य किया जाएगा, जिस पर लगभग 20 लाख 39 हजार रुपये की लागत निर्धारित की गई है। इस प्रकार ग्राम पंचायत साकरा को कुल लगभग 26 लाख 50 हजार रुपये की विकास राशि प्रदान की गई।

इसी क्रम में गांव धेरूडू की ग्राम पंचायत को लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये की लागत से ट्रैक्टर-ट्रॉली, पानी का टैंकर एवं मल्चर उपलब्ध करवाया गया, जिससे गांव की सफाई व्यवस्था एवं कृषि कार्यों को मजबूती मिलेगी।

तीनों गांवों में पहुंचने पर चेयरमैन कर्मबीर कौल का ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।


ढांड। गांव धेरूडू की ग्राम पंचायत को ट्रैक्टर ट्राली सौपते चेयरमैन कर्मबीर कौल।

### क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी

चेयरमैन ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी तथा क्षेत्रवासियों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप अपने क्षेत्र को भी विकसित बनाने का संकल्प दोहराया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के दौरान गांव कौल से सरपंच प्रतिनिधि रामपाल, पूर्व सरपंच शेर सिंह, पूर्व सरपंच गुलाब सिंह, नरेश शर्मा तथा मास्टर रणबीर आर्य; गांव साकरा से सरपंच डॉ. सतपाल व ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि ईश्वर सिंह; तथा गांव धेरूडू से सरपंच ऋषिपाल सहित तीनों गांवों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जुलाना में पहुंचे हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन

**जुलाना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पवन शर्मा रविवार को जुलाना पहुंचे और कस्बे के पीएम श्री कन्या स्कूल में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने झमोला गांव के पीएसपीएम स्कूल में सामने आए कथित नकल प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। चेयरमैन पवन शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है। शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि दादरी जिले के रानिला गांव में भी हाल ही में नकल से संबंधित एक मामला सामने आया था। सूचना मिलते ही बोर्ड की ओर से तुरंत जांच करवाई गई। जिसमें सामने आया कि शिक्षकों की सहमति से पेपर आउट किया गया था।

### राजौंद से सिसला धाम तक निकाली पैदल यात्रा

**राजौंद।** धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ सुबह 6 बजे राजौंद से सिसला धाम के लिए पैदल यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने लगभग 3 घंटे में यात्रा पूरी कर सिसला धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। इस पैदल यात्रा का शुभारम्भ गांव के प्रमुख धार्मिक स्थलों से आशीर्वाद लेकर किया गया। सबसे पहले श्रद्धालुओं ने दादा खेड़ा, खाटू श्याम मंदिर, शिव मंदिर तथा बाबा बहादुरबन मंदिर में मत्था टेककर यात्रा का शुभारम्भ किया।

### जीवन में हमेशा रखे सकारात्मक सोचः मुकेश

**उचाना।** संघ संचालक गुरुदेव नरेश चंद्र महाराज के आज्ञानुवर्ती प्रवचन प्रभावक मुकेश मुनि महाराज ठाणे 3 श्री एसएस जैन सभा स्थानक उचाना मंडी में विराजमान है। प्रवचन में शनिवार को कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए हमेशा सकारात्मक सोच रखे। नकारात्मक सोच रखने वाले कभी जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते हैं। सोच अगर सकारात्मक होगी तो कोई समस्या भी अगर जीवन में आएगी उसका भी समाधान होगा।

### भारत विकास परिषद ने खेली फूलों की होली

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के हनुमान मंदिर प्रांगण में भारत विकास परिषद द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकोंए समाजसेवियों और परिषद सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि नगरपालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर भाजपा नेता विकास आर्य, रमेश जिंदल तथा मुरारी लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### किसान पूजा देवी और प्रदीप कुमार सम्मानित

**कैथल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय कृषि विकास मेले में जिले के दो प्रगतिशील किसान बाता निवासी पूजा देवी पत्नी जोनी राणा व गांव जसवंती निवासी प्रदीप कुमार पुत्र हिसम सिंह को सम्मानित किया गया।

# होली पर्व को लेकर सज गए बाजार, इस बार होलिका दहन दो मार्च को तो होली चार मार्च को मनाई जाएगी, : नवीन शास्त्री

## होलिका दहन का मुहूर्त शाम छह बजकर 22 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 53 मिनट तक रहेगा

### गुलाल और पिचकारी के साथ अन्य सामानों की खरीदारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

होली का पर्व नजदीक आते ही बाजार पूरी तरह से रंगों और पिचकारियों से सज गए हैं। बाजारों में भी दुकानों पर गुलाल और पिचकारी के साथ अन्य सामानों की खरीदारी के लिए भीड़ लगने लगी है। जिसके चलते व्यापारी उम्मीद कर रहे हैं कि होली पर अच्छा कारोबार होगा। इस बार होलिका दहन होलिका दहन दो मार्च को तो होली चार मार्च को मनाई जाएगी। दो मार्च को होलिका दहन का मुहूर्त शाम छह बजकर 22 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। कहा जाता है कि इससे समृद्धि और खुशियां आती हैं और सभी नकारात्मकता और बीमारियां नष्ट हो जाती हैं।

#### इलेक्ट्रिक पिचकारी बनी पहली पसंद

होली के रंग में बाजार भी रंगे हुए नजर आने लगे हैं। बाजार में रंग बिरंगे गुलाल और पिचकारी के अलावा हार और मेवा से दुकानें सजी हुई हैं। बच्चे अभी से होली के मूड में आ गए हैं और होली खेल भी रहे हैं। गुलाल, रंग और पिचकारी के विक्रेता राजेश ने बताया कि कई तरह रंगों और पिचकारी की वैरायटी बाजार में उपलब्ध हैं। इस बार बाजार में अलग-अलग तरह की पिचकारी गुब्बारे और अन्य आकर्षक आइटम आए हैं। इस बाद इलेक्ट्रिक पिचकारी बच्चों की पहली पसंद बनी हुई है। जिसकी कीमत 500 से 600 रुपये है। वहीं साधारण पिचकारी 40 से 70 रुपये के बीच है। पाइप वाली पिचकारी बाजार में 50 से 200 रुपये में बिक रही है। जबकि टैंक वाली पिचकारी 200 से 400 रुपये में बिक रही है। इसके अलावा होली पर्व पर अगर गिफ्ट देना है तो उसके लिए स्पेशल हैम्पर भी बाजार में उपलब्ध है। जिसमें रंग, गुब्बारे के साथ अन्य सामान उपलब्ध है। इसकी कीमत 500 से दो हजार के बीच है। वहीं फ्रूट शॉट 120 से 190 रुपये में बिक रहा है। वहीं दो किलोग्राम रंग के सिलेंडर की कीमत 700 रुपये, चार किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 800 से एक हजार रुपये के है। इसके अलावा फैंसी पाइप की भी बाजार में धूम मची है। बच्चे स्पाइडर मैन, छोटा भीम आदि को बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। अच्छी कंपनी के गुलाल, अलग-अलग तरह के रंग, पिचकारी, मास्क, पक्के रंग व रंग डालने वाले स्प्रे उपलब्ध हैं। इस बार होली पर अच्छा व्यापार होने की उम्मीद है। वहीं हर्बल रंगों के पैकेट 20 रुपये से 120 रुपये तक वजन मुताबिक के हैं। जिसका कोई नुकसान नहीं है।



जींद। होली पर्व को लेकर सजी दुकान। फोटो : हरिभूमि

#### होली के साथ ही चंद्रग्रहण लगेगाः नवीन शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार होली के साथ ही चंद्रग्रहण भी लगने जा रहा है। जो भारत में भी दिखाई देगा। इसलिए संपूर्ण भारत में ग्रहण का सूतककाल भी लागू रहेगा। चंद्रग्रहण तीन मार्च को दोपहर में तीन बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा। जिसका समापन शाम छह बजकर 47 मिनट पर होगा। इस बार का चंद्रग्रहण तीन घंटे 27 मिनट तक दिखेगा। ऐसे में होली चार मार्च को मनाई जाएगी। वहीं होलिका दहन दो मार्च को होगा।

## 19 मार्च को दिल्ली पहुंचने का आह्वान, पीएम को सौंपेंगे ज्ञापन : कोहाड़

# भारत-अमेरीका व्यापार समझौते किसानों के लिए बने डेथ वांरट

### अगर दिल्ली पहुंचने से प्रशासन रोके तो किसान दे गिरफ्तारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद





जींद। किसानों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान एकता (सिद्धपूर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल व किसानों के बीच बैठे भारतीय किसान एकता (सिद्धपूर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान एकता (सिद्धपूर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि कि 19 मार्च को दिल्ली रामलीला ग्राउंड में एक बड़ी किसान महापंचायत होगी। जिसमें देशभर के किसान अपनी मांगों के समर्थन में इक्_ होंगे। सरकार को किसानों की मांगों को मानना होगा और एमएसपी गारंटी कानून को लागू करना होगा। डल्लेवाल रविवार को जाट धर्मशाला में किसानों को संबोधित कर रहे थे। किसान जागृति यात्रा नेतृत्व कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल का किसानों ने फूलमालाओ से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 25 वर्षों के दौरान देश के किसानों की फसल सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों पर खरीदे जाने के कारण उन्हें 111 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक नुक्सान हुआ है। सरकारें किसानों के साथ किस तरह से धोखा करती आई हैं। किसानों के साथ झूठी हमदर्दी दिखा कर किसानों के वोट बटोरने का काम करती रही हैं। एमएसपी गारंटी कानून लागू करवा कर किसानों की लूट को रोकना होगा। भविष्य में किसानों के लिए डैथ वारंट साबित होने जा रहे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को रद्द करवाने के लिए पूरे देश के किसानों को एकजुट होना पड़ेगा। देश के किसानों पर 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। यदि किसानों को उनकी फसलों के वाजिब दाम मिलते तो उनके पास लगभग 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत होती। जिससे किसान अपनीपारिवारिक जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभा सकते थे। व्यापार समझौते के कारण भारतीय किसानों की फसलों की खरीद बंद होने की संभावना को टालने के लिए एक बड़े संघर्ष के लिए एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी फसलों के उचित दाम कर्ज माफी और कृषि से जुड़े अन्य मुद्दों पर सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि 19 मार्च को ज्यादा से ज्यादा किसान दिल्ली पहुंचे। किसानो की मांगो का ज्ञापन 19 मार्च को दिल्ली में प्रधानमंत्री को ही सौपना है। जागृति यात्रा गांव-गांव जाकर किसानों को संगठित करने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है। जिसके बाद यात्रा नारनौंद लिए रवाना हो गई। इस मौके पर भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफल कंडेला, छज्जू राम कंडेला, अनिल, भानाराम सेगा, वीरेंद्र पहल, ,बेदी दहिया, शमशेर पूनिया समेत काफी किसान नेता मौजूद थे।

#### भाकियू का यह है आरोप

भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि भारत के किसान सभी फसलों का उचित मूल्य देने के लिए लंबे समय से एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ केंद्र सरकार 80 लाख रुपये तक की सालाना सब्सिडी प्राप्त करने वाले अमेरिका के किसानों की उपज भारत में बिकवाने के लिए अमेरिका की सरकार से समझौता कर चुकी है। इस समझौते के माध्यम से भारतीय बाजार में अमेरिकी उत्पादों के आने के बाद भारतीय किसानों की फसल की खरीद पूरी तरह बंद होने के हालात पैदा हो जाएंगे। भारत के किसान इस समझौते को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे व इस समझौते को हर हाल में रद्द करवा कर ही दम लेंगे। देशभर के किसान अपनी जायज मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं।



राजौंद। सड़क से आधुनिक तकनीक मशीन द्वारा पुरानी परत को उखाड़ कर डंपर में भरते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राजौंद के असंध-कैथल मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

राजौंद के असंध-कैथल मार्ग पर लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी सड़क के पुनर्निर्माण कार्य की शुरुआत हो गई है। निर्माण कार्य शुरू होते ही क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। काफी समय से सड़क पर गड्ढों और धूल-मिट्टी के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मंगलवार सुबह सड़क निर्माण के तहत मशीनों द्वारा पुरानी परत को हटाने और नई सड़क की तैयारी का कार्य आरंभ किया गया। कार्य स्थल पर आधुनिक मशीनों की मदद से सड़क की खुदाई कर मलबा हटाया जा रहा है। इसके बाद सड़क की नई परत बिछाई जाएगी, जिससे मार्ग मजबूत और सुगम बनेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। अब निर्माण कार्य शुरू होने से व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

#### मिलेगी सुविधा

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आने वाले वर्षों तक लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके। क्षेत्र के लोगों ने सड़क निर्माण कार्य जल्दी पूरा करने को कहा है। क्योंकि अगले माह एक अप्रैल से गेहूं का सीजन शुरू होने वाला है और मंडी भी इसी मार्ग पर पड़ती है। ताकि गेहूं सीजन के दौरान किसानों को कोई परेशानी न उठानी पड़े।

### 1 मार्च से शुरू होगी कैथल से जयपुर रोडवेज बस

**कैथल।** कैथल से 1 मार्च को जयपुर के लिए सीधी बस मेहंदीपुर बालाजी और श्री खाटू श्याम जाने वाले यात्रियों को होगा सीधा फायदा, हरियाणा के कैथल से करीब 4 साल बाद जयपुर के लिए बस सेवा शुरू होगी। रोडवेज की यह बस दिल्ली से होकर जयपुर जाएगी। इससे यात्री मेहंदीपुर बालाजी और श्री खाटू श्याम के दर्शन कर पाएंगे। बस सेवा 1 मार्च से शुरू होगी, बस सुबह 7:30 बजे कैथल से जयपुर के लिए रवाना होगी,वापसी जयपुर से अगले दिन सुबह 3:30 बजे कैथल के लिए रवाना होगी।

## नन्हे सितारों ने दिखाई की प्रतिभा

- कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य एवं लघु नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां से सभी की ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

जाखौली गांव स्थित आदर्श स्कूल में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य एवं लघु नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को उल्लास और ऊर्जा से सराबोर कर दिया। छोटे -छोटे बच्चों का आत्मविश्वास और मंच पर उनकी सजीव प्रस्तुति देखकर उपस्थित अभिभावक एवं शिक्षक भावुक हो उठे। बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक लघु नाटक ने सामाजिक संदेश को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मासूम अदाकारी और स्पष्ट संवाद ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने अध्यापकों और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम नन्हे सितारों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायक आयोजन सिद्ध हुआ।



राजौंद। आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## महान गोभक्त थे बाबा फुल्लू साध : वजीरानंद

- बाबा फुल्लू साध, स्वामी गौरक्षानंद महाराज की मूर्ति की हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

रेलवे रोड स्थिति उचाना खुर्द गोशाला मार्केट परिसर में बने मंदिर में बाबा फुल्लू साध, स्वामी गो रक्षानंद महाराज की मूर्ति स्थापना की गई। कार्यक्रम बाबा फुल्लू साध उचाना खुर्द गोशाला संचालक स्वामी वजीरानंद के सान्निध्य में ये आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालु मौजूद रहे। स्वामी वजीरानंद महाराज ने कहा कि हर रविवार को गौशाला में हवन किया जाता है। हवन वर्षों से करते आ रहे है। मूर्ति अनावरण उचाना में हुआ है। बाबा फुल्लू साध गोभक्त थे। वो उस समय पांच गाय रखते थे। पटियाला के राजा को आशीर्वाद दिया तो उसको पुत्र हुआ। पटियाला महाराज ने बेटा होने पर बाबा फुल्लू साध के कहने पर गायों के लिए भूमि देने के साथ 72 रुपये हर महीने देना शुरू किया। उस समय के 72 रुपये आज के 72 लाख बराबर है। स्वामी गौरक्षानंद ने नौ गौशालाएं खोलने के साथ-साथ दो आश्रम एवं कन्या गुरूकुल की शुरूआत की। बहुत संस्थाएं उनके खोली गई। गायों की सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इस मौके पर दाड़न खाप प्रधान रणधीर श्योकंद सुंदरपुरा, राजा डूमरखां, रमेश नंबरदार मखंड, सत्यवान मंगलपुर अ



उचाना। बाबा फुल्लू साध, स्वामी गौरक्षानंद महाराज की मंदिर में स्थापित की मूर्ति। फोटो : हरिभूमि

## शहर में पुलिस ने बढ़ाई पेट्रोलिंग

- बस स्टैंड, लघु सचिवालय, रेलवे स्टेशन पर कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद श्रीनगर व लखनऊ में अमेरिका के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन को देखते हुए जिले में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। शहर में पुलिस गश्त बढ़ा दी है। इसके अलावा बस स्टैंडए लघु सचिवालय, रेलवे स्टेशन, न्यायिक परिसर के आसपास पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हो, इसके लिए पुलिस पहले ही तैयार है। हालांकि जींद में अभी तक इस प्रकार का कोई मामला सामने नहीं आया हैए लेकिन पुलिस ने एहतियात के तौर पर यह कदम उठाए हैं। शनिवार से ही अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध चल रहा है। शनिवार शाम को एक हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत का समाचार सामने आया। इसके बाद श्रीनगर में लोगों ने अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन किया।



जींद। शहर में तैनात पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### इरान के सुप्रीम लीडर की मौत से अलर्ट

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाया है। लघु सचिवालय, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के साथ-साथ शहर में भी पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। सभी चौक व चौराहों तथा पुलिस नाकों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। अहतियात के तौर पर सुरक्षा को लेकर कदम उठाए गए हैं। यह एक रुटीन प्रक्रिया है। जींद की जनता जागरूक है। जिले में गश्त तेज की गई है। सुरक्षा व्यवस्था का समय-समय पर जायजा लिया जाता है।

### महर्षि वाल्मीकि मंदिर में लंगर हाल के भूमि पूजन कार्यक्रम को किया संबोधित

# भारत के ऋषि, मुनि साधु एवं संत सभ्य समाज की अमूल्य धरोहर : कृष्ण बेदी

### संत महात्माओं के संस्कार विचार और आदर्श युगों-युगों तक प्रासागिंक रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि ऋषि, मुनि साधु एवं संत सभ्य समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। लिहाजा महापुरुषों की स्मृति को संजोए रखना प्रत्येक सामाजिक व्यक्ति का दायित्व है। संत महात्माओं के संस्कार विचार और आदर्श युगों-युगों तक प्रासागिंक रहेंगे। महापुरुषों की शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात कर मनुष्य कल्याण और मोक्ष प्राप्त करता है। महर्षि वाल्मिक सरीखे त्रिलोकदर्शी संतों के संदेश मनुष्य को आपसी प्रेम और सदभाव के साथ आगे बढने की प्रेरणा देते हैं।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बेदी। फोटो : हरिभूमि

#### सरकार का विकास पर फोकस

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गांव दबलैन में विभिन्न विकास कार्यों के लिए दो करोड रुपये से ज्यादा की धनराशि पंचायत को अलॉट की जा चुकी है। इसमें 86 लाख रुपये स्कूल भवन निर्माण करीब 35 लाख रुपये फिरनी निर्माण तथा 18 लाख रुपये गली निर्माण के अलावा शमशान में तीन शैडो का निर्माण सहित अन्य विकास कार्य शामिल है। कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सरकारी परियोजनाओं के निर्माण एवं गांव के सामूहिक विकास पर पंचायत का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर वह खरा उतरेंगे और सच्चे जनप्रतिनिधि के रूप में जन सेवा एवं इलाका के विकास का उत्तरदायित्व बखूबी निभाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने भूमि पूजन कर लंगर हाल का नींव पत्थर रखा। कार्यक्रम में पहुंचने पर कमेटी सदस्यों ग्राम पंचायत व मौजिज व्यक्तियों ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।